क्विक हील फाउंडेशन ने 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अवार्ड्स 2024 का किया आयोजन

पुणे, ११ फरवरी, : दुनियाभर में साइबरसुरक्षा के लिये समाधान प्रदान करने वाली क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की सीएसआर शाखा, क्विक हील फाउंडेशन ने पुणे, महाराष्ट्र में १० फरवरी को 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' के साल २०२४ संस्करण की मेजबानी की। इस समारोह में उन संस्थानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी इच्छा से 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' की प्रमुख पहलों में भाग लिया था।

पुरस्कार समारोह में क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर, जलगांव की कवयित्री बहीनाबाई चौधरी, नॉर्थ महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर वी. एल. माहेश्वरी, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रकाश ए. महानवर, महाराष्ट्र साइबर के एसपी श्री संजय शिंत्रे और पहलों में भाग लेने वाले २९ संस्थानों के शिक्षक मौजूद रहे।'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' पहल का लक्ष्य डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा और सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों के महत्व पर जागरूकता पैदा करना और जन–साधारण को शिक्षित करना है।